दिन– बुधवार | दिनांक– 01 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने देश भर में सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी। बिहार के सोलह जिलों में खोले जायेंगे उन्नीस केंद्रीय विद्यालय।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस शताब्दी समारोह में शामिल हुए। कहा – आरएसएस ने राष्ट्र की अथक सेवा की है और समाज को सशक्त बनाया है।

03. मौसम विभाग ने सात अक्टूबर तक राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की। पटना, भागलपुर और खगड़िया समेत कई जिलों में हुयी मूसलाधार बारिश।

05. और, आज महानवमी पर देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना। मंदिरों, शक्तिपीठों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का लगा है तांता।

---

केंद्र सरकार ने देश भर में सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी है। इन विद्यालयों के निर्माण पर पांच हजार आठ सौ बासठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी। कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इनमें से उन्नीस केंद्रीय विद्यालय बिहार में खोले जायेंगे। सीतामढ़ी, कटिहार, कैमूर, मधुबनी, शेखपुरा, मधेपुरा, पटना, अरवल, गया, पूर्णिया, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, दरभंगा, भागलपुर और नालंदा जिले में इन विद्यालयों की स्थापन की जाएगी। पटना, शेखपुरा और मधुबनी जिले में दो–दो केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

–––बाइट–––

कैबिनेट ने केंद्रीय कर्मियों और पेंशन भोगियों के महंगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। नई दरें एक जुलाई से प्रभावी होंगी। श्री वैष्णव ने बताया कि इससे केंद्र सरकार के लगभग उनचास लाख बीस हजार कर्मचारियों और अड़सठ लाख सत्तर हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

–––बाइट–––

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को भी मंजूरी दे दी है। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और दलहन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल है। यह मिशन दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दो हजार तीस–इकतीस तक छह वर्षों की अवधि में ग्यारह हजार चार सौ चालीस करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ लागू किया जाएगा। विपणन सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को भी मंजूरी दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। सबसे अधिक वृद्धि कुसुम के लिए छह सौ रुपये प्रति क्विंटल और मसूर के लिए तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की गई है।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने सीतामढ़ी–जयनगर–निर्मली रेल लाईन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को लिखे एक पत्र में यह जानकारी दी है। इस रेल लाईन के निर्माण से सीतामढ़ी, मधुबनी और सुपौल जिले सीधे जुड़ जायेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में भाग लिया। शताब्दी समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि सिक्के पर भारत माता का प्रतीक है।

———बाइट———

मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्ष की इस गौरवमई इस यात्रा की स्मृति में आज भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी किए हैं। सौ रूपए के सिक्के पर एक और राष्ट्रीय चिन्ह है और दूसरी ओर सिंह के साथ वरद मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि समर्पण भाव से उसे नमन करते स्वयंसेवक दिखाई देते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल विजयदशमी का पर्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

———बाइट———

कल विजयदशमी का महापर्व है। ऐसे महान पर्व पर 100 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना यह कोई संयोग नहीं था। यह हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर उत्थान था जिसमे राष्ट्र चेतना समय–समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए–नए अवतारों में प्रकट होती है इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है।

इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आर.एस.एस. लोगों में राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक जागरूकता की भावना जगाता है। आर.एस.एस. के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संघ के कार्यों और गतिविधियों को देश के कोने–कोने में देखा जा सकता है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से चार हजार एक सौ बीस करोड़ रुपये की लागत से जन सुविधा और विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने फसल क्षतिपूर्ति योजना के तहत दो लाख इकतालीस हजार से अधिक किसानों के बैंक खाते में एक सौ तेरह करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आज हम बात करेंगे हस्तशिल्प वस्तुओं पर जीएसटी कटौती के बारे में...

———रिपोर्ट———

नये जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने कारीगरों, व्यापारियों और ग्राहकों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए हस्तशिल्प क्षेत्र में जीएसटी दर में कटौती की है। चीनी मिट्टी और मिट्टी के बर्तन के अलावा रसोई के सामान जैसे रोजमर्रा की चीजें अब 12 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत कर के दायरे में आ गई है जिससे घरेलू खर्च कम होगा और रसोई की जरूरी चीजें सस्ती होंगी। इसी तरह हस्तशिल्प क्षेत्र में मूर्तियां ब्लू पॉटरी सहित सजावटी फ्रेम वाले शीशे पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है जिससे कारीगरों और पारंपरिक शिल्प बाजार को सीधा फायदा होगा। मूर्तियां, फूलदान, पूजा सामग्री और सजावटी सामान जैसे कांच के समान पर भी अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जिससे भारत का हस्त निर्मित कांच का सामान ग्राहकों के लिए और भी सस्ता हो जाएगा, इन श्रेणियां में लागत कम करके यह सुधार न केवल परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करेगा बल्कि भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत की मांग को भी मजबूत करेगा। आदित्य प्रताप सिंह आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————

बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के चलते प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। आज पटना, भागलपुर, गया, सीवान, जमुई, लखीसराय और खगड़िया समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में सात अक्टूबर तक बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। इस अवधि में राज्य के पूर्वी और उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना है। इधर, विभाग ने आज किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

---

आज महानवमी है। आज के दिन देवी दुर्गा के नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि महानवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

———बाइट———

आज महानवमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों, पूजा पंडालों और शक्तिपीठों में विशेष पूजा अर्चना और हवन किये जा रहे हैं। देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा के अवसर पर आज जगह–जगह कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जा रहा है। कैमूर, मुंगेर, गोपालगंज सहित विभिन्न शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में स्थानीय और राज्य भर के अलग–अलग हिस्सों से लोग पूजा अर्चना करने पहुंचे हुए हैं। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हमें उच्च आदर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से सांप्रदायिक और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है।

---

दुर्गा पूजा और विजयादशमी को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पूजा पंडालों के पास सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।

---

विजयदशमी को लेकर पटना की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि शहर के अट्ठाईस मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———बाइट———

---

बेगूसराय सदर प्रखंड के वनद्वार मुसहरी गांव में डायरिया से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मरने वालों में पांच बच्चे शामिल हैं। इधर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभावित मुहल्ले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिन्हित मरीजों में छब्बीस इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि तीन का इलाज चल रहा है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने देश भर में सत्तावन नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी। बिहार के सोलह जिलों में खोले जायेंगे उन्नीस केंद्रीय विद्यालय।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस शताब्दी समारोह में शामिल हुए। कहा – आरएसएस ने राष्ट्र की अथक सेवा की है और समाज को सशक्त बनाया है।

03. मौसम विभाग ने सात अक्टूबर तक राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की। पटना, भागलपुर और खगड़िया समेत कई जिलों में हुयी मूसलाधार बारिश।

05. और, आज महानवमी पर देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की हो रही है पूजा–अर्चना। मंदिरों, शक्तिपीठों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का लगा है तांता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।